# ग्राम पंचायत रे, विकास खण्ड फतेहपुर, जिला कॉंगड़ा, हि॰ प्र॰ –176058 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

1. (क)प्रस्तावना

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत रे, विकास खण्ड फतेहपुर, जिला कॉंगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रथम बार किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

प्रधानः–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमति उषा देवी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

सचिव :–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अमीर चन्द | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

तकनीकी सहायक :–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री कुलदीप राज | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

ग्राम रोजगार सहायक :–

| क्र•स• | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राजेश कुमार छत्रालिया | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:–**

ग्राम पंचायत रे के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र0 सं0 | पैरा सं• | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही एंव बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 0.48 |
| 2 | 5.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 17.11 |
| 3 | 6.1 | पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 1.49 |
| 4 | 7.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना स्टॉक का क्रय करना | 15.68 |
| 5 | 7.2 | खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करना | 1.38 |
| 6 | 8.1 | नियमानुसार व्यापक प्रचार/प्रसार के अनियमित व्यय | 8.64 |
| 7 | 8.2 | नियमानुसार अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करना | 9.63 |
| 8 | 9 | संविदाकार को व्यक्तिगत विशेष लाभ प्रदान करने हेतु नियमों के विरूद्ध संदिग्ध व्यय करने बारे | 2.71 |

## भाग–दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षण:–

ग्राम पंचायत रे के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का प्रथम व वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 03.06.2024 से 13.06.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्वः स्त्रोत व अनुदानों की हस्तगत रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास

चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 04 / 2022 | 11 / 2022 |
| 2023—24 | 12 / 2023 | 06 / 2023 |

अस्वीकरणः—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/240 दिनांक 13.06.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि कॉंगडा केन्द्रीय सहकारी बैंक बडूखर के मल्टीसिटी चैक संख्या 627484 दिनांक 27.06.2024 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

**4.1 (क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2024/227 दिनांकः—03.06.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम

पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में दिया गया है:–

**1.स्वः–स्त्रोतः–**

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति(₹) | योग (कॉलम 2+3)(₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4–5)(₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 234910.00 | 1090831.00 | 1325741.00 | 908965.00 | 416776.00 |
| 2023-24 | 416776.00 | 1058893.00 | 1475669.00 | 1038041.00 | 437628.00 |

**2.अनुदानः–**

| अवधि | अथशेष (₹) | प्राप्ति(₹) | योग (कॉलम 2+3)(₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (कॉलम 4–5)(₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1913181.53 | 7598544.00 | 9511725.53 | 7266654.63 | 2245070.90 |
| 2023-24 | 2245070.90 | 3231600.00 | 5476670.90 | 3766011.00 | 1710659.90 |

**कुल योग (1+2)** 437628+1710659.90=**2148287.90**

## (ख) बैंक समाधान विवरणीः–

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति से ₹21,48,287.90 तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि "**परिशिष्ट–3**" के अनुसार अन्तशेष ₹21,96,402.90 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार है:–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत/3 वित्त/आर.जी.एस.ए | का•के•सह•बैंक बड़ूखर | 20028012915 | 483772 |
| 2 | वी.के.वी.एन. वाई/एम.पी.लेड/एस.डी.पी | एच•जी•बैंक रे | 87930100044604 | 170957.88 |
| 3 | पी.एस | एच•जी•बैंक रे | 87930100043872 | 18102.28 |
| 4 | जेड.पी | एच•जी•बैंक रे | 87930100044190 | 17733.74 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | 14वाँ वित्तायोग | एच•जी•बैंक रे | 87930100048682 | 0 |
| 6 | 15वाँ वित्तायोग / पी. एस / जेड.पी | एच•जी•बैंक रे | 87930100051562 | 1503866 |
| | हस्तगत शेष | | | 1971 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2023 का कुल योगः– | | | | ₹2196402.90 |
| **दिनांक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति के अनुसार (पैरा 4) अन्तशेषः– | | | | ₹2148287.90 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2023 का अन्तशेषः– | | | | ₹2196402.90 |
| अन्तरः– | | | | ₹48115 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना**

**(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण ₹0.48 लाख का अन्तर पाया जानाः–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत रे द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को हस्तगत रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹48115/- का अन्तर बैंक में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 227(2) दिनांक 05.06.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–GPR/01/2024 दिनांकः–13.06.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अतः इस बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए वर्तमान में अन्तर का शीघ्रातिशीघ्र मिलान करके तथा भविष्य में भी नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

## (घ) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करनाः–

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29 (1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप–7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान चयनित मास के वाउचरों का अवलोकन करने पर इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं।

| अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | बिल सं/दिनांक | कार्य का नाम | राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 1.मनरेगा | 55/09.11.2022 | 16/12.01.2021 | निर्माण गउशाला जगरूप सिंह | 32500 |
| 2.मनरेगा | 57/09.11.2022 | 13/06.12.2021 | निर्माण रास्ता व नालियां पुली हरीजन बस्ती रघुवीर के घर से दलवीर की जमीन तक | 79600 |
| 3.मनरेगा | 64/15.11.2022 | 18/12.01.2022 | निर्माण एम्बुलेन्स रोड पंदरियाल पार्ट–2 वार्ड–3 | 119000 |
| 4.आर.जी.एस.ए | 09/06.06.2023 | मस्ट्रोल स. 22226 | निमार्ण पंचायत सामुदायिक केन्द्र (पंचायत घर)अपवर्धन हेतु। | 32098 |
| 5.15वां वित | 01/07.06.2023 | 48/10.03.2023 | निर्माण जीप रोड से मंजूरअली के घर तक वार्ड 6 | 87000 |

इस गम्भीर अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/239 दिनांकः 13.06.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPR/01/2024 दिनांकः–13.06.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान समय से खाता बहियों/लेखा खातों को तैयार किया जा रहा है। प्रस्तुत उत्तर तथ्यों रहित होने के कारण सन्तोषजनक नहीं है।

अतः उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जाये व कृत अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(ङ) खाता–क व खाता–ख का रख–रखाव अलग–अलग न रखनाः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 4 (1) के अनुसार नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 01 से 50 में वर्णित आय पंचायत की अपनी आय के स्त्रोत माने जायेंगे और ऐसी आय के लिये पंचायत निधि खाता–क खोला जायेगा। इसी तरह नियम 3 में दर्शाई सहिंता संख्या 51 से 99 में वर्णित आय सहायता अनुदान विशेष प्रयोजनों के लिये आबंटित निधियां और प्राप्त ऋण हेतु खाता–ख खोला जायेगा। इसके अतिरिक्त निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक 15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है। ग्राम पंचायत रे द्वारा स्वयं स्त्रोत व अनुदान राशि का खाता–क व खाता–ख अलग अलग से तैयार नहीं किया गया था बल्कि स्वः स्त्रोत व अनुदानो जैसे कि तीसरा वित, आर.जी.एस.ए इत्यादि की सयुंक्त हस्तगत रोकड़ बही लगाई गई थी तथा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वःस्त्रोत, तीसरा वित, आर.जी.एस.ए आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एंव निर्देशों के

विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20028012915 खोला गया तथा इस खाते में ही प्राप्त अनुदानों को जमा किया गया तथा इससे ही व्यय किया गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है। जोकि नियमों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की सम्भावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/239 दिनांकः 13.06.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या GPR/01/2024 दिनांक 13.06.2024 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि खाता–क व खाता–ख का अलग–अलग अनुसंधारण कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार रोकड़ बही एवं स्कीमवार बैंक खातों का रख–रखाव न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए व भविष्य में खाता–क व खाता–ख के अनुरूप रोकड़ बही एवं बैंक खातों का रख–रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 5.1 अनुदान की राशि ₹17.11 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/227 दिनांकः–03.06.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जो कि **परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2** पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹1710659.90/– की राशि उपयोग हेतु शेष थीः–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | वी.के.वी.एन.वाई / एम.पी.लेड / एस.डी.आर.एफ | 31.03.2024 | 170957.88 |
| 2 | पी.एस | 31.03.2024 | 18102.28 |
| 3 | जेड.पी | 31.03.2024 | 17733.74 |
| 4 | 15वाँ वित्तायोग | 31.03.2024 | 1503866.00 |
| | | कुल जोड | **1710659.90** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है।

इस राशि के उपयोग / व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 233 दिनांक–10.06.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPR/01/2024 दिनांक–13.06.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा ।

अतः अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

### 5.2 अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 61(1) के अंतर्गत उल्लेखित फार्म 21 के अनुसार अनुदान रजिस्टर का संधारण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव नहीं किया गया था, जिसके अभाव में प्रस्तुत अनुदानों की वित्तीय स्थिति का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका।

अतः भविष्य में नियमो के अनुसार रजिस्टर तैयार एवं अद्यतन (Update) करके समस्त प्राप्त अनुदान व अनुदान राशि से किये गये व्यय का लेखाकंन अनुदान रजिस्टर में करने उपरांत अंकेक्षण सत्यापना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

### 6.1 सम्पति कर/गृहकर राशि ₹1.49 लाख का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 33 के अनुसार पंचायत द्वारा सम्पति कर/गृहकर की वसूली की जानी अपेक्षित है तथा हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत (outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/227 दिनांकः–03.06.2024 की अनुपालना में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में

₹1,48,700/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी, क्योंकि अवधि 2023–24 के दौरान पंचायत द्वारा कोई भी वसूली नही की गई थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का बिना उचित कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की उगाही के प्रति गम्भीर नहीं है। सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से पंचायत को वंचित होना पड़ा तथा पंचायत राजस्व बकाया राशि इसी प्रकार बढ़ती रही तो एक समय पर इसे वसूल कर पाना असम्भव हो सकता है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/234 दिनांकः–10.06.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPR/01/2024 दिनांक 13.06.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि वर्तमान समय से सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली की जा रही है तथा वसूली उपरान्त निधि में जमा करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये तथा भविष्य में इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए ।

## 6.2 सम्पति कर/गृहकर मांग व संग्रहण रजिस्टर तैयार न करनाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम के नियम 33 व 77 के अनुसार फार्म 10 पर पंचायत के गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर तैयार करना अपेक्षित है।

पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान पंचायत के सम्पति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर तैयार नहीं किया गया था अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया था, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए दिनांक 31.03.2024 को सम्पति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। इस संदर्भ में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/234 दिनांकः–10.06.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPR/01/2024 दिनांक 13.06.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि गृहकर मांग एवं संग्रहण रजिस्टर को तैयार करने उपरान्त आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

अतः गृहकर मांग एवं संग्रहण रजिस्टर तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व शीघ्रातिशीघ्र इसे तैयार करना सुनिश्चित किया जाए तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 6.3 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹0.03 लाख की वसूली हेतु शेष पाया जाना :–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹ 200 (सामान्य) व आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल. के लिये ₹ 25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनों के बाद 90 दिनों के भीतर ₹400(सामान्य) से व ₹ 50 आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क वसूल करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान विवाह शुल्क रजिस्टर के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना के अनुसार 13 विवाह पंजीकृत किये गये, जिस हेतु

₹200 / 400 की दर से न के बराबर राशि वसूली गई। जबकि उक्त वर्णित दरों के अनुसार ₹3000 वसूल किये जाने अपेक्षित थे।

उक्त कम वसूली का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग / अ0वृ0कां / 2024 / 234 दिनांकः 10.06.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत रे के ध्यानार्थ लाया गया, जिसकी वसूली रसीद संख्याः–1869,78,95,1907,09,1911 से 1919 द्वारा करने उपरान्त दिनांक 14.06.2024 को खाता संख्या 20028012915 में जमा करवा दिया गया है। जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 6.4 विवाह पंजीकरण के रूप में वसूली गई राशि ₹0.06 लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त की जानी अपेक्षित है तथा जिसे समय–समय पर वसूल करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता सख्या "0235–00–800–03" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान निम्न तालिका व संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार ग्राम पंचायत रे द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया थाः–

| क.संख्या | वित्तीय स्थिति | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1. | 2022–23 | 3800 |
| 2 | 2023–24 | 2200 |
| | **जोड** | **6000** |

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/234 दिनांकः 10.06.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत रे के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के अपने कार्यालय पत्र संख्याः– GPR/01/2024 दिनांक 13.06.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि सरकारी कोष में जमा करवा दी जाएगी।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में वसूली गई राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 7.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹15.68 लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत रे के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–"7"** में दिए गए विवरणानुसार ₹15,67,839/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है।

उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक: राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/235 दिनांक:–12.06.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:– GPR/01/2024 दिनांक 13.06.2024 द्वारा सूचित किया गया भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्य रहित एवं नियमानुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये इस को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 7.2 खनन सामग्री के आपूर्ति बिलों से रॉयल्टी की कटौती न करने के फलस्वरूप सरकारी कोष को ₹1.38 लाख की सम्भावित राजस्व हानिः–

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा।

ग्राम पंचायत द्वारा **परिशिष्ट–"8"** पर संलग्न चुनिंदा वाउचरों के तहत निर्माण कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्त्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर इत्यादि की आपूर्ति पर उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹1,38,466/– का अनियमित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/236 दिनांकः–12.06.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPR/01/2024 दिनांक 13.06.2024 द्वारा सूचित किया गया कि गत समय में क्रय की गई सामग्री रेत, बजरी, बोल्डर से संबंधित एम फॉर्म को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा रॉयल्टी की राशि की वसूली भी नहीं की गई है। अंकेक्षणापतिनुसार उक्त रॉयल्टी की राशि की वसूली संबंधित संविदाकार/व्यक्ति से कर ली जायेगी। उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं है, क्योंकि ट्रांजिट पास फॉर्म को उपलब्ध न करवाने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता को खनन सामग्री की राशि का भुगतान रॉयल्टी की कटौती 25 प्रतिशत पेनल्टी सहित करने के पश्चात् किया जाना अपेक्षित था।

अतः उक्त किये गये अनियमित भुगतान को या तो समर्थित अभिलेख सहित न्यायोचित ठहराया जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित स्त्रोत से करके हिमाचल प्रदेश सरकार के आय लेखा शीर्षक "0853-Non Ferrous Mining and Metallurgical Industries,102-Mineral Concession Fees and Royalties,81-Other receipts" आदि में जमा करवाकर अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये। पूर्वोक्त मामलों के अतिरिक्त अंकेक्षण अवधि में क्रय की गई निर्माण सामग्री हेतु रॉयल्टी की राशि की संस्था/विभागीय स्तर पर समुचित गणना कर वस्तुस्थिति एवं नियमानुसार उसकी भी

वसूली उचित स्त्रोत से करके कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

## 8.1 ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2023–24 में विभिन्न अनुदानो के अंतर्गत सामग्री खरीद व्यय में पाई अनियमितताएं:–

अंकेक्षण अवधि के चयनित मास 06/2023 में ग्राम पंचायत द्वारा विविध सामग्री खरीदने हेतु किये गए ₹864089 के व्यय का अवलोकन करने पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गई:–

**1**.हि•प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(5) ए के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा ₹50000 से अधिक की खरीद पर न्यूनतम दो समाचार पत्रो द्वारा टेन्डर कॉल किये जाने अपेक्षित हैं।

चयनित मास 06/2023 के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा केवल एक समाचार पत्र द्वारा ही टेन्डर कॉल किया गया तथा सामग्री क्रय की गई, जोकि उपरोक्त नियम की पूर्णतः अवहेलना के कारण अनियमित तथा आपतिजनक है। इस कारण निम्नविवरणानुसार ग्राम पंचायत द्वारा किया गया ₹864089 का व्यय अनियमित है।

**2**.उक्त टेन्डर द्वारा ग्राम पंचायत को केवल दो ही निविदाये प्राप्त हुई अथवा अंकेक्षण में प्रस्तुत की गई, जबकि नियमानुसार न्यूनतम तीन निविदाओं का होना आवश्यक है:–

| क्र.सं. व मद | वाउचर सं. /दिनांक | सामग्री | बिल स. / दिनांक | आपूर्तिकर्ता का नाम | मात्रा | दर | किया गया. अनियमित भुगतान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.NREGA | 11/28.06.23 | Sand | 43/25.03.22 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 23m3 | 1600 | 36800 |
| | | Agg. | | | 13m3 | 1500 | 19500 |
| 2.NREGA | 12/28.06.2023 | Mixture with F. | 56/30.092022 | M/s Yaswant.S Govt.Contractor Rey Fatehpur | 8Days | 700 | 5600 |
| | | Water Tank | | | 5 No | 900 | 4500 |
| | | Cmt. | | | 60 Bags | 42 | 2520 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Carriag. | | | | | |
| 3.NREGA | 13/28.06.2023 | Sand | 76/23.05.23 | M/s Yaswant.S Govt.Contractor Rey | 5m3 | 1500 | 7500 |
| | | Agg. | | | 9m3 | 1400 | 12600 |
| 4.NREGA | 14/28.06.2023 | Sand | 78/23.05.23 | M/s Yaswant.S Govt.Contractor Rey | 16m3 | 1500 | 24000 |
| | | Agg. | | | 29m3 | 1400 | 40600 |
| 5.NREGA | 16/28.06.2023 | Steel | 80/25.03.23 | M/s Yaswant.S Govt.Contractor Rey | 600kg | 90 | 54000 |
| 6.NREGA | 18/28.06.2023 | Steel | 81/01.06.2023 | M/s Yaswant.S Govt.Contractor Rey | 500kg | 90 | 45000 |
| 7.NREGA | 19/28.06.2023 | Cement Carriage | 82/02.06.2023 | M/s Yaswant.S Govt.Contractor Rey | 105 Bags | 42 | 4410 |
| 8.NREGA | 20/28.06.2023 | Agg. | 49/28.05.23 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 30m3 | 1400 | 42000 |
| | | Shuttering | | | 44m2 | 60 | 2640 |
| 9.NREGA | 21/28.06.2023 | Sand | 41/25.05.23 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 17m3 | 1500 | 25500 |
| | | Solling | | | 12m2 | 1400 | 16800 |
| 10.NREGA | 22/28.06.2023 | Mixture with F. | 42/25.03.23 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 17 Days | 800 | 13600 |
| 11.NREGA | 24/28.06.2023 | Sand | 01/01.06.23 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 10m3 | 1600 | 16000 |
| | | Agg. | | | 25m2 | 1500 | 37500 |
| 12.NREGA | 25/28.06.2023 | Solling | 54/30.0523 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 30m3 | 1400 | 42000 |
| | | Shuttering | | | 50m2 | 60 | 3000 |
| 13.NREGA | 26/28.06.2023 | Mixture with F. | 84/02.06.2023 | M/s Yaswant.S Govt.Contractor Rey Fatehpur | 25Days | 600 | 15000 |
| | | Water Tank | | | 20 No | 900 | 18000 |
| | | Cmt. Carriag. | | | 613 Bags | 42 | 25746 |
| 14.NREGA | 27/28.06.2023 | Stone | 13/03.11.22 | M/s Kulbir S Dhimaan .D.Tatwali | 80m3 | 750 | 60000 |
| 15.NREGA | 28/28.06.2023 | Mixture with F. | 44/25.06.2023 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 35Days | 800 | 28000 |
| | | Water Tank | | | 18 No | 1200 | 21600 |
| | | Shuttering | | | 120m2 | 60 | 7200 |
| 16.NREGA | 29/28.06.2023 | Sand | 45/27.05.23 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 7m3 | 1600 | 11200 |
| | | Solling | | | 25m2 | 1400 | 35000 |
| 17.NREGA | 30/28.06.2023 | Agg. | 46/27.05.2023 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 30m3 | 1500 | 45000 |
| 18.NREGA | 31/28.06.2023 | G.S.B | 47/28.05.2023 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 25m3 | 1250 | 31250 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19.NREGA | 32/28.06.2023 | Cement Carriage | 48/27.05.2023 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 423.69 Bags | 42 | 17795 |
| 20.NREGA | 34/28.06.2023 | Cement Carriage | 85/02.06.2023 | M/s Yaswant.S Govt.Contractor Rey | 784Bags | 42 | 32928 |
| 21.R.G.S.A | 10/06.06.2023 | Sand | 40/20.05.2023 | M/S Varinder.S Rana Ghumali Agahar | 16m3 | 1500 | 24000 |
| | | Agg. | | | 19m2 | 1400 | 26600 |
| 22.15TH FC | 01/07.06.2023 | Sand | 48/10.03.2023 | M/s Yaswant.S Govt.Contractor Rey | 03m3 | 1500 | 4500 |
| | | Agg. | | | 3m2 | 1400 | 4200 |
| | | | | | | **कुल योग** | **864089** |

इन अनियमितताओ बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/237 दिनांकः–12.06.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः– GPR/01/2024 दिनांकः– 13.06.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में उपरोक्त औपचारिकताओं को पूर्ण करने उपरान्त ही सामग्री क्रय की जायेगी। प्रस्तुत प्रत्युत्तर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया।

अतः नियमों के विरूद्ध किये गये भुगतानो को न्यायोचित ठहराते हुये इस अनियमितता को सक्षम अधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये अन्यथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाकर कृत कार्यवाही से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाये।

## 8.2 मनरेगा व आर.जी.एस.ए अनुदानो के अंतर्गत करवाये गये विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु व्यय राशि ₹9.63 लाख के सन्दर्भ में समर्थित अभिलेख प्रस्तुत न करने बारेः–

हि॰प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित था।

अंकेक्षण अवधि हेतु चयनित मासों 11/2022 व 06/2023 के अंकेक्षण पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निम्न तालिका के अनुसार ₹963317/—का भुगतान विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु किया गया था परन्तु सम्बन्धित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं कियें गए, जिसके अभाव मे किये गये व्यय की पूर्ण अंकेक्षण जांच संभव नहीं हो सकी :—

| क.स. व अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | मस | कार्य का नाम | भुगतान राशि (₹) | अंकेक्षण हेतु वांछित अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|
| 1.मनरेगा | 58,59,60,61,43/09.11.22,28.06.23 | 11/2022,06/2023 | निर्माण कार्य एम्बुलेन्स रोड कसियाल मोड से पंदरियाल पार्ट–1 | 274928 | टेंडर अभिलेख, तुलनात्मक विवरण, अनुबन्ध, अवार्ड पत्र व माप पुस्तिका |
| 2.मनरेगा | 64,65,66,67,28 से 32/15.11.22,28.06.2023 | 11/2022,06/2023 | निर्माण कार्य एम्बुलेन्स रोड पंदरियाल पार्ट–2 | 439045 | टेंडर अभिलेख, तुलनात्मक विवरण, अनुबन्ध, अवार्ड पत्र व माप पुस्तिका |
| 3.मनरेगा | 24,25,26,27/28.06.2023 | 06/2023 | निर्माण कार्य एम्बुलेन्स रोड रे रोड से पतन की ओर | 217246 | टेंडर अभिलेख, तुलनात्मक विवरण, अनुबन्ध, अवार्ड पत्र व माप पुस्तिकां |
| 4.आर. जी.एस.ए | 09/06.06.2023 | 06/2023 | निर्माण कार्य पंचायत सामुदायिक केन्द्र पंचायत घर अपवर्धन हेतु | 32098 | टेंडर अभिलेख, तुलनात्मक विवरण, अनुबन्ध, अवार्ड पत्र व माप पुस्तिका |
| | | | **कुल योग** | **963317** | |

वांछित अभिलेखों को अंकेक्षण में प्रस्तुत करने बारे सचिव ग्राम पंचायत रे से अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/238

